### खबर संक्षेप

## राज्यमंत्री ने जनता दरबार लगाकर सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा कुछ समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

## जिले में अब तक 163.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 12 जुलाई 2024 तक 163.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 328.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 123.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 141.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 148 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82 मि.मी., नागौद में 171.1 मि.मी., जसो (नागौद) में 57.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 254 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 163.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## तोदाद्री स्वामी के आगमन पर श्री रामानुज वैष्णव मंडल करेगा भव्य स्वागत



**सतना।** श्री रामानुज वैष्णव मंडल द्वारा तोदाद्री स्वामी के प्रथम आगमन पर होगा भव्य स्वागत में आवश्यक बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। देश के समस्त तोदाद्री मठ के परमधिपति सदगुरु देव तोदाद्री स्वामी जी महाराज का जगह जगह होगा भव्य स्वागत वाहन रैली निकाली जाएगी रूचिकर भागवतों ने सहभाग कर 13 जुलाई की शाम 5 बजे श्री श्री 1008 जियर स्वामी जी सरकार के सतना आगमन पर स्वागत हेतु विस्तृत योजना बनाने पर चर्चा एवं सुझाव से श्री सरस्वती विद्यापीठ उतैली में सभी भागवत जन एकत्रित होकर श्री स्वामी सरकार की भव्य स्वागत द्वारों की साज सज्जा के साथ प्रथम स्वागत अभिनन्दन बंदन करेंगे नगर भर में स्वागत द्वार एवं झंडी लगाने एवं जगह जगह से धार्मिक संगठन पुष्प वर्षा से स्वागत करेंगे सभी श्री वैष्णव भागवत समय से पहुंचें।

### महिला के प्रेमी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज, कोर्ट ने भेजा जेल

# नजीराबाद हत्या आत्महत्या कांडः राकेश ने बका से की थी पत्नी और बच्चों की हत्या, पुलिस ने कुएं से बरामद किया हथियार

**सतना।** नजीराबाद में 2 दिन पहले पत्नी और दो बच्चों की हत्या और आत्महत्या करने के सनसनी खेत मामले में हथियार तलाश रही पुलिस को 2 दिन की मेहनत के बाद धारदार बका कुएं मे मिल गया है।





इसी हथियार से आरोपी राकेश चौधरी ने पत्नी संगीता और अपने दो मासूम बच्चों की हत्या की थी और उसके बाद ट्रेन से कटकर मौत को गले लगा लिया था। इस मामले में महिला के प्रेमी कमलेश के खिलाफ पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धारा 105 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।गौर तलब है कि मृतक राकेश चौधरी नजीरा बाद में किराए का मकान लिया था और उसी दिन रात में पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल की थी जिसमें यह साफ समझ में आया था कि राकेश चौधरी ने हत्या की घटना को अंजाम दिया है और उसके बाद आत्महत्या कर लिया। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि हत्या का प्रकरण शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



## अस्पताल में भारी गंदगी, लापता रहे कई कर्मचारी, सीएमओ ने जताई नाराजगी

**सतना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी एल के तिवारी ने चिकित्सकीय सुविधाओं का सच जानने के लिए उचेहरा समसुदायिक स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण





के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।अस्पताल परिसर में गंदगी देख नाराजगी जताते हुए सफाई का निर्देश दिया। उन्हें अनेक खामियां मिली 10 बजे तक पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टॉप अनुपस्थित रहे। जिनमे काउंसलर सोमिता दहायत,एएनएम पुष्पा कोरी,अर्चना मिश्रा,शशिकला प्रजापति, डीईओ देवेंद्र श्रीवास्तव,अतुल देव,एफडी पूर्णिमा द्विवेदी,नर्सिंग ऑफिसर सालिनी सिंह,सविता, फार्मासिस्ट गंगा शरण सेन, एम ओ एस एन प्रसाद,नर्सिंग ऑफिसर ओके पांडे,लेखापाल सीपी मिश्रा,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप मिश्रा,रंजना सिंह एफएचडब्ल्यू,पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 2 दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का आदेश देकर सुविधाओं को बेहतर और दुरुस्त बनाने का आदेश दिया।

## ठेकेदार के साथ मारपीट लूटपाट, थाने में की शिकायत



**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत मझगवां भट्ठे के पास मारपीट एवं लूट की घटना घटित होने की खबर मिली है। ठेकेदार राजकुमार सिंह निवासी कोठी ने थाना में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवायी है। ठेकेदार राजकुमार ने आरोप लगाया है कि पल्सर बाइक पर सवार होकर आये दो युवकों द्वारा उसके साथ मझगवां भट्ठे के पास मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लिये गये। फरियादी का कहना है कि वह मजदूरों को मजदूरी बांटने के लिये पैसा लेकर कठवरिया गांव जा रहा था। उधर सिविल लाइन थाना पुलिस ने पूछे जाने पर बताया कि वास्तव में यह घटना लूटपाट की नहीं बल्कि गाड़ी के ओवरटेक को लेकर हुये वाद-विवाद से संबंधित है। थाना प्रभारी सिविल लाइन योगेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि कोठी के दो लड़के परीक्षा देने के बाद अपने घर जा रहे थे, इसी दरमियान मझगवां भट्ठे के पास गाड़ी को ओवरटेक करने को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद हो गया जिसमें लड़कों ने फरियादी के साथ कथित तौर पर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक दूसरे पक्ष के दोनों युवकों ने भी कोठी थाना में मारपीट किये जाने एवं वाद-विवाद करने की रिपोर्ट दर्ज करवायी है। पुलिस दोनों ही शिकायतों पर जांच कार्यवाही कर रही है।

## भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाः प्रतिमा



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन की मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्य प्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण,सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई चार जातियों के कल्याण के लिए मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार लगातार कार्य कर रही है।

## महतैन में रोपे गये एक हजार आम के पौधे



**सतना।** एक पेड़ मां के नाम और वृहद वृक्षारोपण के अभियान में शुक्रवार को नागौद जनपद के महतैन गांव में चंडी देवी मंदिर के पास लगभग 2 हेक्टेयर जमीन में एक हजार आम के पौधे एक साथ रोपे गये ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायत के सौजन्य से आयोजित वृक्षा रोपण कार्यक्रम में राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग श्रीमती प्रतिमा बागरी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,कलेक्टर अनुराग वर्मा,सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन,एसडीएम एपी द्विवेदी,कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्विनी जायसवाल,जनपद अध्यक्ष नागौद,जिला पंचायत सदस्य विष्णु लोधी,सुभाषचन्द्र बुनकर,सरपंच वासना माली सहित पंचायत प्रतिनिधियों,स्व-सहायता समूह की दीदीओ एवं आम ग्रामीणों ने एक-एक आम का पौधा रोपित किया।

## कलेक्टर ने किया स्कूल और स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को नागौद तहसील के ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम करहिया खुर्द हाईस्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चो की क्लास में जाकर पठन पाठन की गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षा में जाकर बच्चों से सवाल भी किये और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पटपरनाथ में वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन भी उपस्थित रही।



कलेक्टर अनुराग वर्मा ने अपने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सिंहपुर में स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां पर एक नर्स को छोड़कर अन्य स्टाफ अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना को चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर डॉ. रोहित गुप्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही और अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का अवैतनिक किये जाने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नागौद में बन रहे सीएम राइज स्कूल और उसके निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा कार्य में गति बढाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत कलेक्टर ने ग्राम महतैन में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आम का पौध रोपण किया तथा चंडी देवी मंदिर के आस-पास पूर्व में किये गये वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया।

## सतना में हुआ विशाल निरंकारी महिला संत समागम




**सतना।** सतना के संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल महिला संत समागम का आयोजन हुआ जिसमें सतना एवं उसके आस-पास ब्राँचों से बहनें सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कटनी से आई बहन अनिता साधवानी ने की जिसमें उन्होंने कहा कि कथनी से कहीं अधिक प्रभावशाली करनी होनी चाहिए जो कि निरंकारी मिशन हमें सिखा भी रहा है। उन्होंने नारी का जिक्र करते हुए समझाया कि नारी को परमात्मा ने एक ऐसी ताकत से नवाजा है कि उसका एक एक कर्म ही उसे पूजनीय बनाता है। नारी समागमों का इतिहास बताते हुए उन्होंने कहा कि संत निरंकारी महिला समागम प्रथम बार दिल्ली में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता निरंकारी राजमाता जी द्वारा की गई जिसमें उन्होने स्लोगन दिया कि 'नारी घर परिवार सजाए,जीवन बगिया को महाकाये। मदर्स डे का जिक्र एक कहानी द्वारा करते हुए आगे कहा कि बहुत अच्छे वैज्ञानिक का एक बच्चा था जिसका विकास दूसरे बालकों से थोड़ा कम था उसको स्कूल में भेजा गया तो दूसरे दिन स्कूल के प्रबंधन ने एक पत्र भेजा और कहा कि आपने अपनी मां को यह देना है। उसने ठीक ऐसा ही किया और जाकर कहता है कि मां यह मेरे टीचर ने दिया है कि मैं आपको दूं। जब माँ ने उस पत्र को खोलकर पढ़ा तो वह बहुत ही अंदर से दुखी हुई पर उसने साहस से अपने बच्चे को समझाया की तेरे टीचर ने कहा है कि आपका बच्चा बहुत अधिक चतुर एवं बुद्धिशाली है और उनके पास टीचर उपलब्ध नहीं है।तो आज से तुझे मैं पढ़ाऊंगी।वह बच्चा आगे चलकर बहुत बड़ा वैज्ञानिक बना जिसने बल्ब का अविष्कार किया। उसकी मां के जाने के उपरांत वह पत्र उसको मिला जिसमें लिखा था कि आपका बालक मंदबुद्धि है। वह शब्द पढ़कर उसकी आंखों से आंसू आ गए कि अगर उस वक्त मेरी मां मुझे यह बता देती तो शायद मैं आज इस स्थान पर नहीं होता और यह तौफीक निरंकार ने केवल नारी को ही



बख्शी है। इस सत्संग कार्यक्रम में महिला वक्ताओं ने गीत,भजन,कविता एवं विचारों से भक्ति भरे संदेश दिए जिसका श्रोताओं ने खूब आनंद लिया।

## कलेक्टर मैहर ने सुनी फोन पर आमजनों की समस्यायें

**सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने शुक्रवार को दूरभाष नंबर 07674-299232 के माध्यम से प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक 5 आवेदकों की समस्यायें सुनकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने विभिन्न क्षेत्र के आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारी को तत्काल मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान दूरभाष माध्यम से प्राप्त पहली सूचना में प्रशांत पाण्डेय निवासी हरनामपुर द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत सगमनीय चोपड़ा में मेरी माता गीता पाण्डेय की आराजी भूमि पर कुछ स्थानीय लोगो द्वारा अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है। इसी प्रकार दूसरी सूचना तेजभान सिंह पिता बद्री प्रसाद निवासी ग्राम पंचायत पोड़ी के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में बरसात के पानी की निकासी न होने की वजह से रास्तों में पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को परेशानी से संबंधित रही। नारेंद्र पटेल पिता रविन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम पंचायत भरेवा ने बताया की आराजी की भूमि का 4 जुलाई को सीमांकन होने के बाद मेरे द्वारा खेती की गई। लेकिन 7 जुलाई को दीपक पटेल, रामलखन पटेल,प्रेमलाल पटेल के द्वारा उसी खेत में दोबारा खेती की जा रही है। सुनीता पटेल निवासी ग्राम पंचायत घुरवाई पोस्ट बदेरा के द्वारा बताया गया की पारिवारिक विवाद के चलते मुन्ना लाल पटेल द्वारा मुझे खेती नहीं करने दी जा रही है। गिरजा शंकर त्रिपाठी निवासी ग्राम पकरिया ने बताया कि राजस्व निरीक्षक अमदरा तहसील के पास विगत 15 वर्षो से नक्शा नही है और वार्ड क्रमांक 15 में हैंडपंप खराब पड़े है। कलेक्टर ने इन सभी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी दौरान कलेक्टर ने हल्का पटवारी संतोष सिंह और उपयंत्री जयसिंह अरखेल को तत्काल मौके पर भेजकर ग्राम पोड़ी में अस्थाई नाली बनाकर जलभराव की समस्या का निराकरण कराया गया। तहसील अमरपाटन और रामनगर में फोन इन कार्यक्रम में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त हुई है।

## मैहर जिले की ऑफिशियल वेबसाइट अस्तित्व में आई



**सतना।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सतना से अलग कर बनाए गए नए जिले मैहर की भी अब अपनी अलग ऑफिशियल वेबसाइट लॉन्च हो गई है। मध्य प्रदेश के मैहर जिले की द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) वेबसाइट "**S3WaaS**" सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य वेबसाइट प्लेटफार्म पर आधारित "**https://maihar.nic.in/**" को गुरुवार को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह वेबसाइट सेवा सरकारी योजनाओं,कार्यों और नागरिक सेवाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई है। जिसमें मैहर जिले से संबंधित तमाम जानकारियों के साथ ही सभी तहसील,जनपद तथा पुलिस थानों का भी विवरण है। वेबसाइट की यह सुविधा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा देश के समस्त जिलों को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (**NIC**) के नेशनल डाटा सेंटर,न्यू दिल्ली के माध्यम से "**S3WaaS**" प्लेटफार्म पर निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। इस प्लेटफार्म का उपयोग कर देशभर के 683 जिलों की वेबसाइट विकसित की गई है। मैहर मध्य प्रदेश का नवनिर्मित 55वां जिला है। जिला वेबसाइट का निर्माण जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी,सतना के तकनीकी सहयोग से किया गया है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के समस्त 10 संभाग आयुक्त कार्यालयों एवं 54 जिलों की वेबसाइट वर्ष 2019 से प्रचलन में है।

**म.प्र. जन अभियान परिषद**
**(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)**
**कुटुम्ब न्यायालय के पास, सिविल लाईन सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/जअप/नवा/24/221 सतना, दिनांक 12/07/2024

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सतना द्वारा नवाकुर योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के विकासखण्ड उचेहरा-01 अमरपाटन-01 एवं नागौद-01 स्वैच्छिक संगठनों / तीन वर्ष से परिषद के साथ जुड़कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों का निर्धारित मापदण्डों के अनुसार चयन किया जाना है। चयनित संस्थाओं को परिषद द्वारा प्रतिवर्ष राशि रू. 1.00 लाख की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर लीड स्वैच्छिक संगठन के रूप में विकसित किया जाना है।

चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर चयन किया जाएगा। आवेदन फार्म म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय सिविल लाईन सतना से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित दस्तावेजों सहित दिनांक 26 जुलाई 2024 समय 6.00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे।

**जिला समन्वयक**
**म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सतना (म.प्र.)**

**खबर संक्षेप**

### देवेंद्रनगर थाना प्रभारी यादव की पहल से थाना का हो रहा कायाकल्प

**देवेंद्रनगर**। थाने में पदस्थ थाना प्रभारी अनूप यादव जहां अपनी निष्पक्ष कार्यशैली के लिए तारीफें तो बटोरते ही है वही थाना परिसर पर विकाश को लेकर भी हमेशा सजग रहते है उनकी सजगता की तारीफ इसलिए भी आमजन द्वारा की जा रही है क्योंकि अभी कुछ दिनों पहले ही इनका स्थानांतरण जिले से बाहर हो गया है केवल रवानगी प्रक्रिया शेष है जो कभी भी ही सकती है और ऐसे समय में भी उनके द्वारा जन सहयोग से थाना प्रभारी चेंबर का अत्याधुनिक रेनोवेशन और थाना परिसर में उपलब्ध ग्राउंड को जाली एवम अन्य माध्यमों से संरक्षित कर सैकड़ों फलदार पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा है।जिसको लेकर पूरे नगर के संभ्रांत वर्ग द्वारा उनके इस अनोखी सोच की खुल कर चर्चा कर प्रसंशा की जा रही है।

### मुहर्रम त्यौहार को लेकर अमानगंज थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**पन्ना**। अमानगंज पुलिस थाना परिसर में मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ग्लेडविन एडवर्ड कार एवं थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया और नायाब तहसीलदार की मौजूदगी बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में शांति और सौहार्दपूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाने के लिए कहा कहा गया। ताजियों की ऊंचाई भी सीमित रखने के लिए निर्देश दिए और कार्यक्रम के दौरान समाज के वालंटियर बुजुर्ग लोगों को साथ में रहने के लिए कहा। इसी बीच थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा एक्सीडेंट में घायल होने वाले लोगों की मदद करने वालों को गुड सेमेरिटन नामक योजना के माध्यम से 5000 रुपये की राशि से पुरस्कृत होने की जानकारी दी गई। बैठक में हिंदू- मुस्लिम दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक और मीडिया तंत्र की मौजूदगी रही।


**तीन बदमाशों द्वारा कार के आगे मोटर साइकिल अड़ा कर 3 लाख 99 हजार लूट कर हुए फरार**

# 3 लाख 99 हजार की लूट की वारदात को तीन बदमाशों ने दिया अंजाम

### व्यापारी अनिल तिवारी के मुनीम राकेश विश्वकर्मा के साथ हुई लूट




**पन्ना**। राकेश कुमार उम्र 40 साल निवासी रंजोरपुरा ने थाना देवेन्द्रनगर के रहने वाले ब्यक्ती ने अपने व्यापारी अनिल तिवारी के साथ सलेहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है की में देवेन्द्रनगर के किराना समाग्री के थोक एवं फुटकर विक्रेता अनिल तिवारी के यहां 14 वर्षों से मुनीम का काम करता हूं अनिल तिवारी जी कि दूकान से किराना सामग्री सलेहा व आस पास के गांव में सप्लाई करता हूं दिनांक 10 जुलाई बुधवार को में उनकी बैगनआर कार से में देवेन्द्रनगर से सलेहा 2.30 बजे वसूली हेतु आया था तत्पश्चात सलेहा पटना गंज की दुकानों से रूपये वासूल कर काले रंग के बैग में रूपये भरकर सलेहा से वापिस लगभग 8.30 रात्रि में देवेन्द्रनगर वापिस जा रहा था तभी सलेहा से 6 किलोमीटर दूर भिटारी के पास स्पीड ब्रेकर स्पीड में मैंने अपनी कार धीमी की उक्त स्थान में पहले से मोटर साइकिल मैं मौजूद तीन लोगों ने मेरी कार के सामने मोटर साइकिल गिरा दी जिससे में रुक गया तीनों अज्ञात लुटेरों ने तीव्रता से मेरे कार के दोनों शीशे पत्थर से फोड़ दिये और कार की चाबी निकाल लिया व साथ ही मारपीट की मेरा रूपए से भरा बैग जिसमें हिसाब किताब की डायरी कापी एवं 3 लाख 99 हजार 610 रूपये लेकर सलेहा तरफ तीनों लोग भाग गये तीनों लोग काले कलर की गाड़ी में थे व लूटेरों की उम्र 25.30 साल रही होगी तभी भिटारी के पास बने घर के व्यक्ति ने आकर मेरे हालात पूछे जिनसे मैंने पूरी घटना बताई और अपने व्यापारी अनिल तिवारी को फोन से घटना की जानकारी दी। व्यापारी अनिल तिवारी देवेन्द्रनगर घटना स्थल पहुंचे और अपने सहयोगी मानिकपुर निवासी राजू तिवारी के साथ उक्त लूट की घटना की थाना सलेहा पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई रिपोर्ट के अधार पर घटित घटना की रिपोर्ट पर सलेहा थाना में भारतीय



न्याय संहिता 309 (6) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर मामला दर्ज किया गया है व थाना प्रभारी द्वारा विवेचना की जा रही है निंदनीय संगीन घटना से श्रेत्र में भय व्याप्त है व क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से घटना का जल्द खुलासा करते हुए आरोपियों गिरफ्तार कर भरे बाजार में जूलूस निकालने की मांग की है।

**इनका कहना है -**

घटना को संज्ञान में लिया गया है पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी गुनौर ग्लैंड विन एडवर्ड कार एवं साइबर सैल की मदत के साथ पुलिस की दो टीमों को गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**सरिता तिवारी**
**सलेहा थाना प्रभारी**

## ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रामगोपाल तिवारी को देखने पहुंचे मुख्यमंत्री



**पन्ना**। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राम गोपाल तिवारी जो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में चल रहा है उनको देखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे व अस्पताल में भर्ती श्री तिवारी से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने भी पहुंचकर स्वास्थ्य उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गौरतलब हो कि 25 जून की सुबह 6रू00 बजे पन्ना-देवेंद्र नगर मार्ग में उस समय श्री तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे जब वह रोजाना की तरह अपनी पत्नी के साथ मॉर्निंग वॉक में जा रहे थे तभी पीछे से उनको एक अज्ञात करने ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिससे उनका बाया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था। उन्हें बेहोशी हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया तथा उसी दिन मध्य प्रदेश सरकार की पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा के जरिए खजुराहो से भोपाल एयरलिफ्ट कराया गया था।

## एक पेड़ मां के नाम: अभियान के तहत देवेंद्रनगर थाना परिसर में किया वृक्षारोपण



**देवेंद्रनगर**। देवेंद्रनगर थाना प्रभारी के सौजन्य से शुक्रवार को थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण महाअभियान में आयोजित कार्यक्रम में देवेंद्रनगर थाना प्रांगण में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत थाना प्रभारी अनूप यादव और गणमान्य लोगों के द्वारा किया गया पौधारोपण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशन में समस्त शासकीय विभागों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत निर्देशित किया गया इसी कड़ी में देवेंद्र नगर थाना प्रांगण में देवेन्द्रनगर थाना प्रभारी अनूप यादव और पन्ना कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा शक्ति पांडे अजय यादव एएसआई श्री कृष्ण माबई एवम समस्त थाना स्टाफ नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारों की मौजूदगी में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ संपन्न इस मौके पर नागरिकों ने भी सहभागिता कर नीम, अशोक एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण कर सेल्फी ली और वायुदूत (अंकुर) एप पर अपलोड की। इस दौरान रोपे गए पौधों की सुरक्षा तथा नियमित अंतराल पर पौधों की स्थिति का अवलोकन कर एप पर फोटो अपलोड करने का संकल्प लिया गया। थाना प्रभारी द्वारा रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित पौधरोपण महाअभियान में वर्षा ऋतु के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, वन और नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विभागवार लक्ष्य निर्धारित कर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में देवेंद्र नगर थाना प्रांगण में भी पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई छोटे परिवार में सबकी भलाई- डॉक्टर अभिषेक जैन

### परिवार नियोजन का संकल्प सेवा भाव से करें पूरा

**देवेन्द्रनगर**। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को ब्लाक अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिसमें मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच जन समुदाय को न होने के कारण अवांछित गर्भधारण




वृद्धि के कारणमात्र मृत्यू दर स शिशु मृत्यु दर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं एवं नवजात के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है इसलिए छोटा परिवार रखने एवं गर्भ गर्भावस्था के सकारात्मक परिणाम के लिए बच्चों के जन्म के बीच में अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 2024 के दौरान जन समुदाय में जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जन जागरूकता के दौरान विकसित भारत की पहचान परिवार नियोजन हर दंपति कि सान सीमित परिवार सुख का आधार जैसे अन्य नारे लगाए गए साथ ही मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी दोबारा देवेंद्र नगर के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉक्टर जैन द्वारा कहा गया कि परिवार नियोजन हर दंपति कि शान है यह बात सभी को समझाएं जिससे परिवार नियोजन विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सके परिवार नियोजन के लिए मातृ एवं शिशु सुरक्षा के साथ-साथ सभी कार्यकर्ता यह प्रयास करें कि गर्भवती माता एवं बच्चों का अनुकरण भी समय-समय पर किया जाए जिससे लोगों में आपके प्रति विश्वास जागृत हो सके और लोग आपकी बात मानकर जनसंख्या नियोजन के साधन अपना कर अपना परिवार सीमित व सुखी कर सकें डॉक्टर जैन द्वारा कहा गया की सेवा भाव के साथ परिवार नियोजन कर संकल्प पूरा होगा इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें कार्यक्रम के दौरान विभाग के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत परिसर पवई में किया गया पौधरोपण





पवई। देश सहित प्रदेश भर में लगातार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे का रोपण किया जा रहा है। प्रदेश में भी सरकार के द्वारा 5.50 करोड़ पौधों को लगाने का संकल्प लिया गया है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को पवई जनपद पंचायत परिसर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनपद का समस्त स्टाफ जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों के द्वारा पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उन पौधों की सुरक्षा आदि का भी संकल्प लिया गया। पौधा रोपण में आम,आंवला,नींबू,पीपल जामुन के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारी,जनप्रति निधि एवं पत्रकार गण मौजूद रहे। आपको बता दें कि इस अभियान का प्रारंभ है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया था। यह अभियान देश में पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा।

## पन्ना में महिला ने की आत्महत्या अपने शरीर में लिखे तीन नाम

**कार्यवाही की मांग को लेकर परिजनों ने थाने के सामने लगाया जाम, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**





**सिमरिया**। जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके शरीर के अंगों पर तीन लोगों के नाम लिखे मिले हैं।जिसके बाद मृतिका के परिजनों ने थाने के सामने चक्काजाम लगा दिया।और शरीर पर लिखे तीन नाम के व्यक्तियों पर कार्यवाही की मांग पर अड़ गए। भीड़ बेकाबू होने के कारण प्रशासन ने भारी पुलिस बल मौके पर बुलवा लिया।और परिजनों को खूब समझाने का प्रयास किया।लेकिन फिर भी नही मानने पर पुलिस को हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा।इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई है। दरअसल पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी गांव में प्रियंका पटेल पॉय जयप्रकाश पटेल (28) ने गुरुवार 11 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लगते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और घटना स्थल की जांच की। इस दौरान मृतिका की जांघ व हाथ की हथेली संतोष, नीलेश और राजकुमार यह तीन नाम लिखे पाए गए। जिसके बाद परिजनों को उक्त नामों के लोगों मृतिका को परेशान करने के आरोप लगाए गए। फांसी लगाकर की आत्महत्या, और सोसाइट नोट में लिखा तीन लोगों के नाम।

## समय पर विद्यालय शिक्षक पहुंचें व शिक्षा प्रदान करें वरना कार्यवाही के हालात तय, सीईओ जिला पंचायत की सख्त कार्यवाहियां चर्चा में

**किसी को शो-काज नोटिस तो किसी भी विभागीय जांच व निलंबन जैसी कार्यवाहियां भी हो रही तय शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचना व दायित्वों का निर्वाहन करना जरूरी**

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता व बेहतरी के लिये सतत निगरानी व मानीटरिंग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय की कार्य प्रणाली जो जानी जाती है शिक्षा का नवीन सत्र आरंभ होने के बाद जहां विद्यालयों में समय पर शिक्षकों के न पहुंचने पर कार्यवाही कहीं सो-काज नोटिस तो कहीं अनुपस्थित रहने पर विभागीय जांच व निलंबन जैसी कार्यवाहियां भी स्वयं शिक्षकों को पदीय दायित्वों के निर्वाहन के लिये सजग कर रही है, शिक्षक स्वयं ही अपनी कार्य प्रणाली पर गौर करें तो शायद शिक्षा के बेहतरी के प्रयास सार्थक होंगे।




**पन्ना**। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता व बेहतरी को लेकर शासकीय विद्यालयों का संचालन तथा विद्यालयों में छात्र-छात्राओं में शिक्षा प्रदान करने को लेकर स्वयं ही परीक्षा परिणाम तय करते है। इसको लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय जिनकी कार्य प्रणाली जिले के लिये भावी भविष्य को तरासने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आपके द्वारा जो प्रयास शिक्षा के सुधार में किये जा रहे है वह अपने आप में स्वयं ही शिक्षकों के लिये अनुकरणीय या फिर अपने दायित्वों को लेकर जरूरी माना जा रहा है। आपके द्वारा जब भी जिले में भ्रमण किया जाता है तो विद्यालयों पर नजर जरूरी होती है वहीं समय पर अगर विद्यालय नहीं खुले तो कार्यवाही भी तय होती है ऐसी ही दास्तां विगत 10 जुलाई 2024 को प्रातः काल 11 बजे जब आपके द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला जमुनहाईकला संकुल केन्द्र बालक देवेन्द्रनगर की स्थिती का जायजा लिया गया जहां विद्यालय बंद था छात्र-छात्रायें संस्था के बाहरी 11 बजे खुलने का इंतजार करते हुये पाये गये थे संस्था के गेट में ताला लटका हुआ था इन हालातों के समय आपके साथ टास्क मैनेजर एमडीएम जिला पंचायत भी साथ में थे फिर क्या था वहीं हालात म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम को ध्यान में रखकर उक्त कृत्य जो गंभीर कदाचरण की श्रेणी में सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम -3(1,2,3) के तहत कार्यवाही की दिशा संबंधित शिक्षक भगवानदास तिवारी को सो-काज नोटिस जारी करते हुये इनसे निश्चित समयावधि में जवाब चाहा गया समाधान कारक न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की भी बात कहीं गई है। वहीं आपके विरूद्ध क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये निलंबन किये जाकर शास्ति अधिरोपित की जाये। इस तरह की दिशा कार्यवाही को लेकर स्वयं ही शिक्षक की लापरवाही के कारण तय होना चर्चा में है। वहीं कुछ समय पूर्व दहलान चौकी में भी शासकीय विद्यालय में भी जहां सहायक शिक्षक रूकमणी प्रजापति एपं श्रीमति रेहाना खातून प्राथमिक शिक्षक को भी विभागीय जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के संबंध में कार्यवाही की दिशा चर्चा में आई इससे साफ जाहिर होता है कि सीईओ जिला पंचायत संघ प्रिय निश्चिततौर पर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता व शिक्षा प्रदान करने को लेकर समय पर शिक्षक विद्यालय पहुंचे शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा तत्परता से शिक्षा प्रदान करने को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन किया जाये वहीं लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी ये कार्यवाहियां इसी बात का संकेत माना जा रहा है जो वर्तमान समय में जहां नवीन शिक्षा सत्र से ही शिक्षकों के लिये साफतौर पर अपने पदीय दायित्वों के निर्वाहन को लेकर सजग करने के लिये माना जा रहा है। शिक्षा की बेहतरी के प्रयास तभी कारगर साबित होंगे जब शिक्षक स्वयं शिक्षा प्रदान करने के लिये अपने आप में दृढसंकल्पित होकर समय पर विद्यालय पहुंचें वहीं छा.त्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने में अपने दायित्वों का निर्वाहन करें जो हमारे जिले के लिये सभी परीक्षा परिणामों में स्वयं ही शिक्षा की गुणवत्ता परिणाम से ही जानी जायेगी यहां सीईओ जिला पंचायत की ये कार्यवाहियां उदाहरण के तौर पर समूचे जिले के शिक्षा विभाग के लिये एक संदेश साबित कर रही है अब देखना यह है कि अब शिक्षक अपने आप में क्या तय करना चाहते है। कार्यवाही या फिर शिक्षा को लेकर स्वयं बेहतरी के प्रयास यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा।



## खबर संक्षेप

### बस ने ट्रेक्टर को पीछे से मारी टक्कर, ट्राली में सवार दो महिलाएं घायल



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे ट्रेक्टर को बस ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रेक्टर की ट्राली में सवार दो महिलाएं घायल हो गईं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गढीमलहरा नगर में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हाईवे पर यात्री बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई जिसमें ट्रेक्टर की ट्राली में सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि बस और ट्रैक्टर दोनों छतरपुर तरफ से आ रहे थे। ट्रैक्टर बस से आगे निकला और अचानक ट्रैक्टर रुक गया पीछे से आ रही बस का ब्रेक न लगने से बस ट्रैक्टर की ट्राली में जा टकराई जिससे ट्राली में बैठी दो महिलाएं घायल हो गई वहीं बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर पर सवार लोगों ने बस चालक और कंडक्टर की बेरहमी से पिटाई कर दी। वहां मौजूद लोगों ने बीचबचाव करते हुए दोनों को बचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को थाने में रखवाकर आगे की कार्यवाही शुरू की है।

### नेत्र शिविर में हुई 90 मरीजों की जांच, 17 को भेजा चित्रकूट



**छतरपुर।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 90 मरीजों की जांच की गई और इनमें से 17 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा गया। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि महेश कुमार अग्रवाल सर्राफ की स्मृति में उनके पुत्र पियूष अग्रवाल और पत्नी रागिनी अग्रवाल के सहयोग से आयोजित इस नेत्र शिविर में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट के नेत्र विशेषज्ञों डॉ अरविंद मिश्रा, नेत्र सहायक शिवम मिश्रा, ओमकार यादव, स्वास्थ्य मित्र विजय पांडेय और काउंसलर मनीष यादव की टीम ने 90 मरीजों की आंखों की जांच कर दवा और चश्मे प्रदान किए तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिया। जांच में 17 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई उन्हे लेंस प्रत्यारोपण के लिए तत्काल अपने वाहन से चित्रकूट ले जाया गया। शिविर में मरीजों को खिचड़ी प्रसाद तथा भोजन की व्यवस्था की गई थी। शिविर में आयोजक परिवार की ओर से रागिनी अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, हरि प्रकाश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अग्रसेन महिला विकास समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू, महालक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक संतोष खैरी, बद्री बारदाना, सौरभ सन्नी, अनिल बंटी आदि ने मरीजों का सहयोग किया।

**नौगांव थाना क्षेत्र के मऊसहानिया में स्थित होटल हिल्स व्यू में हो रहा था विवाह कार्यक्रम**

# वर की उम्र देख जयमाला से पहले वधू ने विवाह से किया इंकार, विवाह हुआ रद्द

**नौगांव।** गुरुवार की देर रात मऊसहानियां में स्थित एक होटल में चल रहे वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान होने वाली वधु ने वर की उम्र देखकर विवाह करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्ष में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर डायल100 पुलिस पहुंच गई और

### अंततः दोनों पक्ष की सहमति से दोनों परिवार ने अलग अलग होने का निर्णय लिया।

जानकारी के मुताबिक शहर के मुख्य बाजार में रहने वाले एक अग्रवाल परिवार के लगभग 40 वर्षीय युवक का विवाह शहर के ही अरविंद्र आश्रम के पास रहने वाले खरे परिवार की लगभग 20 वर्षीय बेटी का विवाह के साथ तय हुआ था। गुरुवार - शुक्रवार किंडर रात मऊसहानियां के होटल हिल्स व्यू में वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था, जयमाला की तैयारियां चल रही थी, तभी अचानक से युवती ने युवक की उम्र को देखते हुए विवाह करने से इंकार कर दिया। युवती के विवाह करने से इंकार के बाद विवाह की खुशियां अचानक से रुक गई, बज रहा संगीत रुक गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद मौके पर डायल 100 पुलिस पहुंच गई। मामला पुलिस थाना पहुंच गया। काफी वाद विवाद के बाद आपसी सहमति से दोनों पक्षों ने अलग अलग होने का निर्णय लिया।




### परिजनों के बताएं अनुसार 4 लाख रूपए में तय हुआ था विवाह -

सूत्रों के मुताबिक युवक ने युवती से विवाह के लिए युवती के परिवार जनों को 4 लाख रुपए देने की बात भी सामने आई है, जिसके बाद ही युवती पक्ष शादी के लिए तैयार हुआ था, फिर अचानक से गुरुवार की रात वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान जब युवती ने विवाह से इंकार किया तो युवती के परिजन भी विवाह करने से इंकार करने लगे। जिस पर दोनों पक्ष की सहमति से विवाह कार्यक्रम रोक दिया गया। किसी पक्ष के द्वारा मौके पर डायल 100 को बुलाया तो पुलिस को देखते ही दोनों पक्ष सकते में आ गए, हालांकि पुलिस की कार्रवाई से पहले ही दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से विवाह न करने का निर्णय लिया।

### पिछले कुछ दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे दोनों

सूत्रों से बताया जा रहा है कि युवक और युवती दोनों पिछले काफी दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे, जिसके बाद ही दोनों की सहमति से विवाह तय हुआ था। फिर अचानक से क्या हो गया कि विवाह के दिन युवती को युवक की उम्र ज्यादा दिखने लगी।

# दिव्यांग व्यक्ति को जिंदा रहते सचिव ने किया मृत घोषित, शासन की तमाम योजनाओं से दिव्यांग वंचित

घुव बड़ामलहरा की ग्राम पंचायत बमनोराकलां से एक अजीब मामला सामने आया है। जिसमे एक दिव्यांग व्यक्ति को तत्कालीन सचिव के द्वारा चार साल पहले मृत घोषित कर दिया है। दिव्यांग लंबे समय से राशन सहित शासन की तमाम योजनाओं से वंचित हो गया है।

बमनोराकलां निवासी भग्गू पाल पिता दोला पाल उम्र करीब 53 साल जिसको न तो कानों से सुनाई देता और हाथों से कोई काम नही कर पाता। दिव्यांग के हाथ थ्रेसर से कट गए थे जिससे पीड़ित की हालत बहुत दयनीय है। तत्कालीन सचिव हरिनारायण शर्मा के द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर 2020 को पोर्टल पर भग्गू पाल को मृत घोषित कर उसे आईडी से हटा दिया है जिससे भग्गू पाल समग्र सदस्य आईडी क्रमांक 146607347 पर मृत दिखाई दे रहा है। मृत्यु की पुष्टि सचिव द्वारा करते ही उसको राशन बंद हो गया है और शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभ मिलना बंद हो गया है। दिव्यांग भग्गू पाल न ही सुन पाता है और न ही बोल पाता है जब भग्गू पाल को राशन और अन्य योजना का लाभ नही मिला तो तमाम अधिकारियों के चक्कर लगाए लेकिन उसको सही जानकारी देने के लिए कोई नही मिला। बाद में उसे पता लगा कि भग्गू पाल तो पोर्टल पर चार साल पहले मृत



हो गया है उसी समय ग्राम पंचायत में लिखित आवेदन देकर कागजों में दोबारा जिंदा करने की गुहार लगाई है। जब दिव्यांग का नाम पोर्टल में सही नही हुआ तो उसके परिजनों ने जनपद पंचायत बड़ामलहरा में लिखित शिकायती आवेदन दिया है लेकिन आज तक उसको न्याय नही मिला है।दिव्यांग भग्गू पाल की पत्नी बिनाबाई पाल ने बताया कि हमारे एक बेटा है और चार बेटियां है जिनके पालन पोषण में दिव्यांग को भारी मुसीबत पैदा हो रही है। शासन से उसको मुफ्त राशन मिलता था जिससे उसके परिवार का गुजारा चल रहा था अब राशन एवं शासन की सभी लाभकारी योजनाओं से उसका परिवार वंचित है।

### शादी समारोह से लौटते समय सड़क हादसे में युवक की मौत

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरूवार को चन्द्रपुरा से ढड़ारी शादी समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति की सुबह मोर कार पर बैठकर लौटते समय ट्रक की टक्कर लगने से ढड़ारी के समीप मौत हो गई। परिजनों को इसकी सूचना शादी में आए अन्य रिश्तेदारों द्वारा दी गई। सुबह परिजन जिला अस्पताल आए जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। चन्द्रपुरा के रहने वाले छत्रपाल पटेल ने बताया कि रमेश प्रजापति अन्य लोगों के साथ ढड़ारी गांव बारात में शामिल होने बीती रात गया था। सुबह वह मोर कार वाहन से घर लौट रहा था तभी ढड़ारी के समीप अज्ञात ट्रक ने मोर कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे रमेश प्रजापति की मौके पर मौत हो गई। बारात में शामिल होने आए अन्य लोगों ने इसकी जानकारी रमेश के परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन सुबह जिला अस्पताल पहुंचे जहां मृतक का पीएम कराया जा रहा है। छत्रपाल पटेल ने बताया कि मोरकार के पास ट्रक की नंबर प्लेट भी पड़ी है जिसका नंबर सीजी 04 एमए 9297 है। मोर कार और ट्रक की भिड़ंत होने पर ट्रक की नंबर प्लेट टूटकर वहीं गिर गयी। हालांकि ट्रक चालक वाहन को टक्कर मारकर ट्रक लेकर मौके से भाग गया।

# पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता (भा.पु.से.) ने साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण



**सिगरौली।** पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता (भा.पु.से.) ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया । प्रातः 06 बजे पुलिस अधीक्षक का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तम वेशभूषा, टर्न आऊट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिये गये इसके बाद मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई । इसी क्रम में थानो से आये वाहनो का निरीक्षण किया गया एवं वाहनों के बेहतर रख-रखाव एवं रन डायरी को दुरूस्त रखने के निर्देश दियें गयें।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक नें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो कि समस्यओ को गंभीरतापूर्वक सुना एवं त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई साथ ही परेड मे उपस्थिति अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर अनुशासन में रहने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग व सचेत रहने की समझाइश दी गई। एवं पुलिस लाईन की प्रधान लेखक कक्ष, शस्त्रागार शाखा, स्टोर शाखा व वाहन शाखा का निरीक्षण किया गया।*जनरल परेड में रक्षित निरीक्षक श्री केशव सिंह चौहान, सूबेदार श्री आशीष तिवारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# नो-एन्ट्री में कोयला वाहन से पैदल चल रही महिला को पीछे से मारी टक्कर

**सिगरौली।** नो एन्ट्री पांइट माजन मोड पर प्रातः 08:00 बजे से 14:00 बजे तक नो एन्ट्री में भारी वाहनो के प्रवेश को रोकने हेतु थाना यातायात से आर 563 विकाश तिवारी की डियूटी लगायी गयी थी। दिनांक 10-07-2024 को हाईवा वाहन क्रमांक UP 64 BT 4619 से समय 11:35-11:40 AM के आस-पास हाईवा वाहन क्रमांक UP 64 BT 4619 से सड़क दुर्घटना घटित हो जाने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसका ईलाज ट्रामा सेंटर बैढन में चल रहा है, उक्त हाईवा में गिट्टी लोड था, जिसका ई-टीपी क्रमांक 2400966601 है जो मॉ शॉकम्भरी केसर प्लांट बरगवा से लोड किया था, उक्त ई-टीपी दिनांक 10-07-2024 को समय 10:58 AM, खनिज से जारी किया गया था, जिसकी वैधता रात्रि 08:54 PM थी, उक्त हाईवा कमांक UP 64 BT 4619 के चालक द्वारा मॉजन में नो एन्ट्री होने के कारण नो-एन्ट्री पांइट के करीब 50 मीटर पूर्व उक्त हाईवा के चालक द्वारा साइड में खड़ा करने के दौरान महिला के अचानक आ जाने से दुर्घटना घटित हुई है, सडक दुर्घटना घटित होने पर तत्काल यातायात पुलिस द्वारा थाना कोतवाली को सूचित किया गया एंव थाना कोतवाली बैढन द्वारा उक्त हाईवा वाहन को जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध अपराध कमांक 946/24 धारा-281, 125 (1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया है, एंव महिला के ईलाज हेतु पुलिस द्वारा वाहन स्वामी से 50,000/- (पचास हजार रूपये मात्र) आर्थिक सहायता राशि महिला के परिजनो को दिलाया गया था।सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रो में प्रकाशित खबर तथ्यहीन एंव निराधार है, यातायात पुलिस की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से बनावटी खबर प्रकाशित कि गई है, उक्त वाहन घटना दिनांक को बरगवां मॉ शाकम्भरी केसर से गिट्टी लोड हुई थी, कलेक्टर कार्यालय के आदेश क्र/514/आरडीएम / 23 दिनांक 15.02.2023 के द्वारा नो एन्ट्री हेतु निर्धारित स्थान मॉजन मोड से घटना स्थल लगभग 50 मीटर पहले का है, जहाँ नो-एन्ट्री के समय वाहनो को खडा कराये जाने हेतु स्थान निर्धारित किया गया है, वाहन नो-एन्ट्री में प्रवेश नही किया था, एंव डियूटी पर तैनात आरक्षक 563 विकाश तिवारी द्वारा किसी प्रकार की नो एन्ट्री पांइट डियूटी पर लापरवाही एंव लेन-देन नही किया गया है और न ही वाहन नो-एन्ट्री में प्रवेश किया था।

### ग्रामों में जल परीक्षण का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में ग्रामों में जल परीक्षण का दिया जा रहा प्रशिक्षण। जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छतरपुर द्वारा स्टॉप डायरिया अभियान अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम खोंप मे छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन की जानकारी दी गई। जीवन में जल का महत्व जल प्रदूषण के कारण एवं निवारण के बारे मे विस्तार से बताया। पानी में रोगजनक जीवाणुओं का बरसात के मौसम मे जीवाणुओ का संदूषण हो सकता है। एफटीके के माध्यम से बच्चो, शिक्षको एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका को जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

# कुएं में मिले शिकार और शिकारी के शव



**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा वन परिक्षेत्र के गुलगंज बीट अंतर्गत ग्राम सेंधखुरी के बगाई हार में एक किसान के कुएं में नर तेंदुआ व गाय के मादा बछड़े का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। दोनों के शव चार दिन पुराने बताए जा रहे हैं। हासिल जानकारी के मुताबिक गुलगंज निवासी जमना उर्फ खच्चू राय का ग्राम सेंधखुरी के बगाई हार में खेत पर बगैर मुंडेर का लगभग 50 फुट गहरा कुआं है जिसमें से बदबू आने की वजह से उसने कुएं में झांक कर देखा तो उसे तेंदुए व गाय के बछड़े का शव तैरती हुई अवस्था में मिला। खच्चू ने इसकी सूचना उसने गुलगंज के वन अमले व बड़ामलहरा रेंजर राजेन्द्र पस्तोर को दी। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर डीएफओ छतरपुर सर्वेश सोनवानी, रेंजर राजेन्द्र पस्तोर, पन्ना टाइगर रिजर्व के चिकित्सकों की टीम व एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित अलावा की मौजूदगी में वन अमले ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू चलाकर तेंदुए व गाय के बछड़े का शव कुएं से निकालकर दोनो के पोस्टमार्टम कर सुपुर्दे खाक कर दिया गया। नर तेंदुए की उम्र लगभग 4 साल बताई गई है जबकि गाय के मादा बछड़े की उम्र भी 2-3 साल बताई गई है। कयास लगाए जा रहे है कि शिकार करते वक्त शिकार और शिकारी कुएं में गिर गए जिससे दोनों की कुएं में मौत हो गयी। फिलहाल वन विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है ।

# बाढ़ हालातों में सुरक्षा के लिए 300 आपदा मित्र तैयार होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमों ने की तैयारी


**छतरपुर।** बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीमें तैनात कर दी गई हैं। इसके अलावा जिले के अलग-अलग स्थानों पर 300 आपदा मित्र भी बनाए हैं जिन्हें बाढ़ एवं आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया है जो इन टीमों का सहयोग करेंगे।

डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के चार स्थानों पर डीआरसी केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें बड़ामलहरा, लवकुशनगर, ईशानगर और नौगांव हैं। यहां पर बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए पांच-पांच जवानों की टीमें तैनात की हैं। इन टीमों को मोटरबोट, लाईफ जैकिट, रस्सी, टॉर्च सहित अन्य बचाव सामग्री प्रदान की गई है। ये टीमें किसी भी प्रकार की बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए तैयार हैं।




उन्होंने बताया कि इसी तरह मुख्यालय स्तर पर होमगार्ड कार्यालय में दो क्यूआरटी टीमें बनाई गई हैं जिनमें 5-5 जवान शामिल हैं। उन्हें भी आवश्यक बाढ़ बचाव के उपकरण प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 12 जवान एसडीआरएफ की टीम में उपलब्ध हैं जिनके प्रभारी प्लाटून कमाण्डर संजय गौर हैं। मुख्यालय स्तर या मुख्यालय से बाहर किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति निर्मित होती है तो एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्य करती है। मानसून के पूर्व होमगार्ड एवं एसडीआरएफ जवानों को बाढ़ से बचाव एवं तैराकी का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके अलावा 300 आपदा मित्र भी बनाए हैं जिन्हें बाढ़ से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया है। आपदा की स्थिति में ये आपदा मित्र सहयोग करते हैं। कहीं पर कोई बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है तो टोल फ्री नंबर 1079 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना मिलने पर टीम राहत एवं बचाव कार्य के लिए तत्काल पहुंचती हैं।

# छतरपुर में चोरों का आतंक दिनदहाड़े दो घरों में चोरी



**छतरपुर।** शुक्रवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर दिनदहाड़े चोरी की वारदातें सामने आयी हैं। ललौनी तिराहे पर ओजस्वनी नगर में रहने वाले यादव परिवार के घर को सूना पाकर चोरों ने दोपहर के समय धाबा बोल दिया। चोरों ने घर से नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। इसी तरह ग्राम चन्द्रपुरा के रहने वाले एक दुबे परिवार के घर का सुबह के समय ताला तोड़कर चोरों ने लगभग दो लाख रूपए की सामग्री चोरी कर ली है। दोनों ही पीड़ितों ने सिविल लाइन थाने में आवेदन देकर चोरों को पकडऩे की मांग की है।

### पति-पत्नि गए ड्यूटी पर, चोरों ने घर से उड़ाई लाखों की सामग्री

भागराज यादव निवासी ओजस्वनी नगर ललौनी तिराहा ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह रोज की तरह ऑफिस चला गया, बच्चे भी स्कूल चले गए। इसके बाद पत्नि अपनी ड्यूटी पर चली गई। घर पर कोई नहीं था। श्री यादव के अनुसार सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच चोरों ने उसके सूने घर को निशाना बनाया है। चोरों ने घर से लगभग 50 रूपए नगदी, सोने, चांदी के जेवरात सहित ढाई से तीन लाख रूपए की सामग्री चोरी की है। भागराज ने सिविल लाइन थाने में आवेदन देकर चोरी के आरोपियों को पकडऩे की मांग की है।

# मुंबई में करोड़ों की ठगी के आरोपी को छतरपुर से पकड़ा

### लाखों की नगदी और सोना बरामद, मुंबई क्राईम ब्रांच की कार्यवाही

**छतरपुर।** मुंबई क्राईम ब्रांच ने गुरूवार की रात छतरपुर के छत्रसालनगर में रहने वाले आशीष शाह नाम के व्यक्ति के घर पर छापामार कार्यवाही करते हुए लाखों रूपए की नगदी और सोना बरामद किया है। इस व्यक्ति पर मुंबई में रूपए दोगुना करने की स्कीम के नाम पर लगभग 200 करोड़ रूपए की ठगी करने के आरोप हैं। क्राईम ब्रांच ने छतरपुर की सिविल लाइन पुलिस का सहयोग लेकर आरोपी को हिरासत में लिया और फिर उसे मुंबई लेकर रवाना हो गए। क्राईम ब्रांच सूत्रों ने बताया कि आरोपी आशीष शाह छतरपुर से सटे महोबा जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिवई का रहने वाला है।



आशीष शाह पर आरोप हैं कि उसने मुंबई में लोगों को रूपए दोगुना करने का लालच दिया और उनसे करोड़ों रूपए की ठगी की। अनुमान के तहत आरोपी के द्वारा लगभग 200 करोड़ रूपए की ठगी की गई है। इसी मामले में आरोपी मुंबई से फरार होकर छतरपुर के छत्रसालनगर में छिपा हुआ था। जब क्राईम ब्रांच यहां पहुंची तो घर की तलाशी के दौरान बिस्तर के नीचे लगभग 20 लाख रूपए की नगदी और बड़ी मात्रा में सोना बरामद हुआ है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर सिविल लाइन लेकर पहुंची जहां मामूली लिखा-पढ़ी के बाद आरोपी को मुंबई ले जाया गया।

# मुफ्त में हेलमेट ले जाएं, उपयोग के बाद वापस लौटा दें एसपी बोले इस नवाचार से गंभीर दुर्घटनाएं बचेंगी

### छतरपुर पुलिस ने खोला हेलमेट बैंक

**छतरपुर।** दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने से कई लाभ होते हैं, जो दुर्घटना की स्थिति में वाहन सवारों को सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं। हेलमेट का प्राथमिक कार्य दुर्घटना की स्थिति में सवार के सिर और मस्तिष्क को चोट से बचाना है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा नवाचार करते हुए जिला मुख्यालय में छत्रसाल चौराहा स्थित हेलमेट बैंक सेवा का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। भारतीय स्टेट बैंक एवं नगर के व्यापारी संघ व वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों के सहयोग से हेलमेट बैंक सेवा शुरू की गई है। जन सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक इस सेवा में अपनी भागीदारी की है। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य यह है कि दो पहिया वाहन चालक घर से लोकल में किसी काम से निकलता है और वह हेलमेट भूल जाता है, उसे अन्य स्थानों पर जाना होता है तो वह घर वापस न जाकर समय की बचत करते हुए हेलमेट बैंक सेवा से हेलमेट आसानी से प्राप्त करें और कार्य पूर्ण होने पर वापस आते समय हेलमेट 24 घंटे के अंदर जमा कर दें। हेलमेट प्राप्त करने एवं जमा करने की प्रक्रिया बहुत सरल है। यह सुविधा प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक उपलब्ध रहेगी। दो पहिया वाहन चालक अपना पहचान पत्र दिखाकर, मोबाइल नंबर एवं वाहन नंबर रजिस्टर में प्रविष्ट करवाते



हुए आसानी से हेलमेट प्राप्त कर सकते हैं। प्रायः वाहन चेकिंग में देखने में यह आता है कि हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालक अनावश्यक बहाना बनाते हैं, इन सभी हेलमेट न पहनने वाले तथाकथित वाहन चालकों व सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहन चालकों को हेलमेट उपलब्ध करवाने हेतु सुविधा प्रदाय की जा रही है। इस सेवा का एक उद्देश्य यह भी है की सड़क दुर्घटना में हो रही मृत्यु के आंकड़ों में कमी आएगी। सड़क दुर्घटना में ज्यादातर दो पहिया वाहन चालकों एवं सवार की मृत्यु हेलमेट के कारण ही होती है। कार्यक्रम के शुभारंभ में ही 35 से अधिक हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को प्रदान किए गए। हेलमेट प्रदान करते समय पूरी प्रक्रिया यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत द्वारा बताई गई। हेलमेट बैंक सेवा में उपलब्ध सभी हेलमेट भारतीय मानक संस्थान आईएसआई मार्क द्वारा प्रमाणित हैं।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत हर्बल दवाईयों के अनुसन्धान एवं उत्पादन में क्रोमॅटोग्रफिक फिंगरप्रिंटिंग की उपयोगिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड के फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय नामदेव ने हर्बल दवाइयों के अनुसन्धान एवं उत्पादन में क्रोमॅटोग्रफिक फिंगरप्रिंटिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अनिल कुमार धगट ने उपस्थित प्रतिभागियों को हर्बल दवाइयां के अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित किया। फार्मेसी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार जैन ने वर्तमान समय में हर्बल दवाइयां की बढ़ती उपयोगिता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हर्बल दवा का उद्देश्य शरीर को प्राकृतिक संतुलन की स्थिति में वापस लाना है ताकि वह खुद को ठीक कर सके। अलग-अलग जड़ी-बूटियाँ शरीर की अलग-अलग प्रणालियों पर काम करती हैं। इचिनेसिया प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करने और संक्रमण से लडऩे में शरीर की सहायता करते है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर बृजेंद्र सिंह गौतम चेयरमैन डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह गौतम, कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष पचौरी, विश्वविद्यालय के विशिष्ट सलाहकार डॉ. बी.एस. राजपूत एवं अन्य पदाधिकारियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं प्रेषित की।



## खबर संक्षेप

### दुर्घटनाग्रस्त स्कूल वाहनों को जप्त करने के साथ चालक का लाइसेंस किया निरस्त



**रीवा** । जिले मे हुए दुर्घटनाग्रस्त स्कूल वाहन को परिवहन विभाग ने शुक्रवार को जप्त किया वही साथ ही वाहन चला रहे उस वाहन चालक के चालक लाइसेंस को भी निरस्त किया गया। स्कूल वाहन को परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने आर टी ओ रीवा के निर्देशन पर ,स्कूल में जाकर वाहन जप्ती की कार्यवाही कर वाहन को बैकुण्ठपुर पुलिस थाने में खड़ा कराया। वाहन जेंटल सैफ़र्ड स्कूल बैकुण्ठपुर का था।इसके अलावा ज्ञान दर्शन स्कूल बस पर भी,सुरक्षा मानको लेकर चालानी कार्यवाही की गई।परिवहन विभाग द्वारा लगातार नियम विरुद्ध चल रही स्कूल बसों पर जून माह से ही जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक लगभग 62 स्कूल बसों पर कार्यवाही की जा चुकी है। कलेक्टर रीवा के आदेशानुशार ज़िले भर में स्कूल जा जाकर यह कार्यवाही की जा रही है। जांच अभियान के दौरान अभी तक स्कूल बसों पर चालानी कार्यवाही कर 53000 रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### आकस्मिक योजनान्तर्गत 71.87 लाख रूपये स्वीकृत

**रीवा**। अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 78 हितग्राहियों को आकस्मिकता योजना के तहत 71.87 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला राहत समिति की अनुशंसा के उपरांत अत्याचार से पीड़ित हितग्राहियों को राशि स्वीकृत करते हुए संबंधितों के खाते में ई पेमेंट के माध्यम से भुगतान किया गया है।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा**। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एमबी ओझा द्वारा सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये हैं। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. ककरेडी के लिये वनपाल छोटेलाल सिंह, प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. सेमरिया के लिये वनपाल संतोष कुमार शुक्ला तथा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या. घुरेहटा के लिये सहकारी निरीक्षक ओपी श्रीवास्तव को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**मानपुर**। बीती रात दमोय में बिजली के खम्बे में लगे स्टे में करंट आ जाने के कारण बली कोल के लडक़े की मौत हो गई, जिसकी उम्र लगभग 11 वर्ष बताई जा रही है। बिजली विभाग भरेवा के प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता विश्वनाथ तिवारी को जैसे घटना की सूचना मिली तत्काल कर्मचारियों को घटना स्थल भेज संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्टे में करंट के आने के कारणों का पता लगवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो किसानों द्वारा बोर चलने के लिए खींची गई तार से भी करंट आ सकता है, स्टे में करंट कैसे आया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है, बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात की गई तो, उन्होंने बताया कि इंसुलेटर लगे होने कारण नीचे बिजली की आपूर्ति नहीं होती, लेकिन बिजली के करंट से घटना हुई है, कारण क्या है यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अमला घटना स्थल में पहुंच स्थिति को अपने नियंत्रण में लेकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## अपराधियों के लग्जरी वाहनों के सामने हांफ रहे पुलिस के वाहन

# रीवा पुलिस कंडम वाहनों से संभाल रही कानून व्यवस्था

**रीवा**। जिले में नशे की तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश लग्जरी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो सड़कों पर हवा से बाते करते हुए चलते हैं, लेकिन पुलिस कंडम हो चुके वाहनों के सहारे अपराधियों और तस्करों के लग्जरी वाहनों का पीछा करती है। हालत यह है कि पुलिस विभाग के अधिकांश वाहनों की मियाद खत्म हो चुकी है और नए वाहनों का आवंटन अभी तक नहीं मिला है जिससे कबाड़ वाहनों के भरोसे पुलिस कानून व्यवस्था संभाल रही है।वर्तमान में पुलिस विभाग के पास कुल 223 वाहन है, जिनमें महज 166 वाहन ही ऑन रोड हैं और उनकी हालत ठीक है। इसके अतिरिक्त अन्य वाहन सड़क से बाहर है। पुलिस को जो वाहन आवंटित किए जाते हैं ऐसे खटारा वाहनों से पुलिस जांच के लिए फील्ड में दौड़ती है। बता दे की कंडम हो चुके अधिकांश वाहनों की मियाद खत्म हो चुकी है लेकिन अभी पुलिस मजबूरी में उन वाहनों को ढो रही है। बताया जाता है की जिले में नए वाहनों का आवंटन एक लंबे समय से रुका है, यही कारण है कि पुलिस विभाग में वाहनों की समस्या गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस विभाग को जो वाहन दिए जाते हैं



उनकी मियाद किलो मीटर के हिसाब तय होती है। बाइक 1 लाख किमी, फोरव्हीलर वाहन 1.80 किमी, मीडियम वाहन 2 लाख किमी, हैवी वाहन 2.50 लाख किमी तक सड़क में दौड़ सकते हैं। इसके बाद इन वाहनों को कंडम घोषित कर हटा दिया जाता है, लेकिन वर्तमान में स्थिति में अधिकांश वाहन अपनी क्षमता से दो से तीन गुना ज्यादा चल रहे हैं। फिलहाल रीवा पुलिस विभाग द्वारा नए वाहनों के लिए प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद जल्द वाहनों का आवंटन होने की उम्मीद जताई जा रही है। वर्तमान में पुलिस विभाग को आधा सैकड़ा नए वाहनों की आवश्यकता है। इनमें लाइट वाहन 34, मीडियम वाहन 9 और हैवी वाहन 7 शामिल हैं।

### इनका कहना है

हमारे यहां जो वाहन होते हैं ओ माइलेज के आधार पर होते हैं ,जो पुरानी गाड़ी हो जाती है उनका प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जाता है, विभाग कंडम हो चुके वाहनों का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है जैसे ही वहां से अनुमति आएगी उसके हिसाब से व्यवस्था बनाई जाएगी।

**महेंद्र सिंह सिकरवार आईजी रीवा जोन**

## "अमर द्विवेदी के निर्देशन में आज होगा नाटक "जैसा तुम कहो" का मंचन"



**रीवा**। शहर के सभी कलाप्रेमी दर्शकों के लिए एक ऐसे नाटक की प्रस्तुति होगी, जो पारिवारिक जीवन के उतार चढ़ाव की एक ऐसी कहानी दर्शाएगा, जो सभी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। जाने माने नाटककार जयवर्धन द्वारा लिखित इस नाटक का नाम है ₹जैसा तुम कहो₹ जिसका निर्देशन शहर के युवा रंगकर्मी अमर द्विवेदी ने किया है। अमर द्विवेदी मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित अभिनेता है। यह नाट्य प्रस्तुति अमरवाणी नाट्य समिति के द्वारा हो रही है और यह नाटक श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 13 जुलाई यानिकि आज की शाम प्रदर्शित होगा। नाटक के अनुसार ज़िन्दगी के एक पड़ाव पर आते-आते हम अत्यधिक सहनशील हो जाते हैं। हमारा दिल व सोच बड़ी हो जाती है, स्वार्थ व अहंकार ख़त्म हो जाता है और दूसरों की भलाई व ख़ुशी में ही अपनी ख़ुशी देखने लगते हैं। नाटक के केन्द्र बिन्दु में पति-पत्नी का संबंध है, जो एक दूसरे की ख़ुशी का बहुत ध्यान रखते हैं। पति अपनी पत्नी की किसी भी बात के लिए मना नहीं कर पाता, बल्कि यही चाहता है कि उसकी पत्नी हमेशा ख़ुश रहे। हालांकि पति को इसका नकारात्मक परिणाम भी भोगना पड़ता है, क्योंकि रिश्तों में प्रायः ऐसा होता है कि हम दूसरे को ख़ुश करने के लिए अपनी ख़ुशी को अनदेखा कर देते हैं। नाटक में पति-पत्नी की मीठी-मीठी नोकझोंक दर्शकों को काफ़ी पसंद आएंगी। नाटक के निर्देशक अमर द्विवेदी ने बताया कि नाटक में मनोरंजन के साथ-साथ पारिवारिक एकता का संदेश भी दिया गया है। कलाकार - नाटक में कलाकारों की भूमिका में राजमणि तिवारी, सीमा रानी झा, कृष्णामिश्रा, योगेन्द्र द्विवेदी, खुशी मिश्रा, अखिल तिवारी और श्रेया सोनी शामिल हैं।

## सरपंचों के द्वारा निर्माण कार्य की राशि को किया गया था खुर्द बुर्द, नोटिस के 2 साल बाद भी नहीं जमा की राशि

### 72 पूर्व सरपंचों पर होगी कुर्की की कार्यवाही, मामला 1 करोड़ 89 लाख के गबन का




**रीवा**। जिला प्रशासन इन दिनों एक्शन मूड में नजर आ रहा है। रीवा में पूर्व सरपंचों ने करोड़ों का गबन किया और जिला प्रशासन के नोटिस के बावजूद 2 साल के बाद भी गबन की राशि जमा नहीं करवाई जिसके बाद अब ऐसे 72 पूर्व सरपंचों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। यहां 72 पूर्व सरपंचों के द्वारा करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार किया गया था, जिला प्रशासन ने वर्ष 2022 में नोटिस जारी करके उनसे वसूली राशि जमा करने के आदेश जारी किए थे लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी इस राशि को पूर्व सरपंचों के द्वारा जमा नहीं किया गया,जिसके चलते बीते दिनों कलेक्टर ने 72 पूर्व सरपंचों से 1 करोड़ 89 लाख की राशि जमा करने के निर्देश जारी करते हुए राजस्व अधिकारियों को कुर्की (आरआरसी) के तहत कार्रवाई करते हुए राशि वसूलने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर के इस आदेश के बाद जिले में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। मामले की लेकर जिला पंचायत सीईओ संजय सौरभ सोनवाणे ने बताया कि ₹धारा 40 व 89 के तहत जो भी प्रकरण दर्ज होते हैं उसके तहत वह सरपंच जो 92 क जारी होने के बावजूद भी अपनी वसूली राशि को जमा नहीं किया करते हैं।जिले में ऐसे 72 पूर्व सरपंच हैं जिन पर आरआरसी के तहत प्रकरण पूर्व से ही दर्ज हैं, इन पर तकरीबन 1 करोड़ 89 लाख रुपये की वसूली राशि बकाया था। काफी दिनों से इतनी बड़ी राशि बकाया होने के कारण कलेक्टर के द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए की आरसीसी (कुर्की) के तहत करवाई करके 72 पूर्व सरपंचों से करोड़ों की राशि वसूल कर जमा कराई जाए। कलेक्टर के निर्देश के बाद राजस्व अधिकारी अब पूर्व 72 सरपंचों से आरसीसी (कुर्की) के तहत 1 करोड़ 89 लाख की राशि वसूल की जाएगी। जल्द ही पूर्व सरपंचों के द्वारा यदि वसूली की राशि जमा नहीं कराई गई तो राजस्व अमला कुर्की की कर्रवाई करके पूर्व सरपंचों से राशि की वसूली करेगा। फिलहाल कलेक्टर के इस निर्देश के बाद जिले भर में हड़कंप मचा हुआ है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इन सभी पूर्व सरपंचों के द्वारा निर्माण कार्य की राशि को खुर्द-बुर्द करके आहरण कर ली गई थी जिसकी अब वसूली की जाएगी।

## नकलचियों की हुई जीत, शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय त्यौंथर का परीक्षा केंद्र सोहागी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन खटिया, सोहागी को बनाया गया

**रीवा** ।सरकार एक तरफ नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार करने बालो के विरुद्ध कमर कसी हुई है एवं पूरे देश में आरोपियों की गिरफ्तारी हो रही है, वहीं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में विपरीत स्थिति है त्यौंथर कॉलेज नकल के लिऐ जाना जाता है और नकल कराने के नाम पर जिला व प्रदेश के ही नही बल्कि उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों से कई गुना ज्यादा फीस वसूलकर प्रवेश दिलाया जाता है, नकल कराने के नाम पर बोली लगाई जाती है और प्राइवेट स्कूल व कॉलेज ठेका लेते हैं इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन की आंख खुली थी और परीक्षा केंद्र परिवर्तित कर विश्वविद्यालय रीवा कर दिया था किंतु पूर्व की कांग्रेस की सरकार की तरह परीक्षा के दो दिन पूर्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के दबाब के चलते पुनः केंद्र परिवर्तित कर सोहागी बना दिया गया है जो शिक्षा व परीक्षा की गुणवत्ता के नाम पर करारा तमाचा है।

## उपमुख्यमंत्री ने किया शास. इंजीनियरिंग महाविद्यालय के हीरक जयन्ती द्वार का भूमि भूजन

### महाविद्यालय का पूर्व छात्र होने के नाते मेरे लिए भी यह हर्ष एवं गौरव का विषय, महाविद्यालय के विकास के लिए मैं सतत प्रयास करूंगा- उपमुख्यमंत्री



**रीवा**। शास. अभि. महाविद्यालय रीवा के हीरक जयन्ती द्वार का भूमि पूजन माननीय उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा कालेज के प्राचार्य, प्रोफेसर, विद्यार्थी एवं पूर्व छात्रों की उपस्थिति में किया गया। ज्ञात हो कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक जयन्ती समारोह आयोजित किये जायेंगे, उपमुख्यमंत्री द्वारा हीरक जयन्ती समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक करने का निर्णय आगामी रीवा प्रवास पर करने का आश्वासन भी दिया, इस दौरान उन्होंने कहा कि हर 15 दिन में एलमुनी संगठन अपनी बैठक करें और आगे की रणनीति पर चर्चा करें, इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हीरक जयंती द्वार के बन जाने से कॉलेज की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे, द्वार के साथ ही रोड से कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा जिस वजह से छात्रों एवं स्टाफ सहित अन्य लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद एल्यूमिनी एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा समारोह में विभिन्न तकनीकी खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समारोह के दौरान छात्रों के स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) हेतु रूपरेखा तैयार की गई जिसे टेकफेस्ट एवं तकनीकी संगोष्ठी, कार्यशाला के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। छात्रों के स्किल डेवलपमेन्ट हेतु विगत चार महीनों से पूर्व छात्रों एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। हीरक जयंती द्वार का भूमिपूजन पंडित पूरन प्रसाद शुक्ला के द्वारा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के हाथों संपन्न हुआ, भूमि पूजन के कार्यक्रम के दौरान मनगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, एयर कमोडोर राजीव मित्तल, शेर बहादुर सिंह परिहार, राजेश सिंह, सत्यनारायण दुबे, एसपी तिवारी, पीयूष तिवारी, रविशंकर पांडेय, रजनीश गुप्ता, विवेक दुबे, अमित पिड़िहा, डॉ. आर. पी. तिवारी, डॉक्टर डी.के. सिंह, डॉ अभय अग्रवाल, डाक्टर डी.के. जैन, डॉक्टर ए.के. जैन, सिद्धार्थ सिंह, विनोद सिंह बघेल, विनय श्रीवास्तव, अमित तिवारी, दलजीत सिंह, डॉक्टर दयाशंकर पांडेय उपस्थित रहे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया**। शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया स कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आरके झा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ आरके झा ने अपने उद्बोधन में जनसंख्या वृद्धि को विपत्ति को न्योता देना बताया। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव उपलब्ध संसाधनों एवं मनुष्य की आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक स्थिति पर भी पड़ता है। मुख्य वक्ता प्रो हरलाल अहिरवार ने लैंगिक असमानता पर चर्चा की तथा परिवार नियोजन, प्रजनन एवं स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता डॉ जेपीएस चौहान ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में विश्व की जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। बढ़ती हुई जनसंख्या ने हमें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करने पर मजबूर किया है। जिनमे संसाधनों का वितरण, बढ़ती जनसंख्या के साथ भोजन, पानी, ऊर्जा, और रहने की जगह की मांग महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मंसूर अली ने भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या एवं भावी चुनौतियों, खाद्य उपलब्धता, हरित क्रांति पर प्रकाश डाला। डॉ त्रिभुवन गिरी ने जनसंख्या विस्फोट के भयावह परिणाम के बारे में जानकारी दी। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ मनीषा अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ शाहिद सिद्दीकी, डॉ नरेश शुक्ला, डॉ रितु सेन, डॉ अनुपमा द्विवेदी, बालेंद्र यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बसामन मामा गौवंश अभ्यारण्य को ग्रीन एनर्जी का केन्द्र बनाएं: पटेल



### पशुपालन मंत्री ने गौ पूजन कर गौ माता की सेवा की

**रीवा**। पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल ने बसामन मामा गौवंश अभ्यारण्य का भ्रमण किया। मंत्री श्री पटेल ने गौवंश अभ्यारण्य पहुंचकर सबसे पहले गौ माता की पूजा की तथा फल खिलाए। इसके बाद पशुपालन मंत्री ने गौवंश अभ्यारण्य का भ्रमण किया। मंत्री पटेल ने गौ माता के शेड, गोबर गैस संयंत्र, जैविक खाद निर्माण केन्द्र का भ्रमण किया। पशुपालन मंत्री ने कहा कि गौवंश अभ्यारण्य में बड़ी संख्या में पौधा रोपित कराकर इसे हरा-भरा बनाएं। पशु शेड की छतों में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन की व्यवस्था करें। गौवंश अभ्यारण्य में हजारों गौवंश हैं। इनके गोबर से बड़ी मात्रा में गोबर गैस का उत्पादन करें। इस गैस को सीएनजी गैस की तरह बनाने के लिए व्यवस्था कराएं। गौवंश अभ्यारण्य को ग्रीन और क्लीन एनर्जी का केन्द्र बनाएं।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि गौ माता का गोबर और गौमूत्र बहुत उपयोगी है। गौवंश अभ्यारण्य में इससे जैविक खाद, गोनाइल तथा अन्य कीटनाशक बनाकर बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है। इससे तैयार की गई खाद का आसपास के किसानों को बिक्री करके



जैविक खेती को बढ़ावा दें। गौशाला से उत्पादित खाद तथा अन्य सामग्री के लिए बाजार विकसित करें। इसके विस्तार से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पशुपालन मंत्री ने गौवंश अभ्यारण्य में नस्ल सुधार के प्रयासों का भी जायजा लिया। गौशाला पहुंचने पर पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने पशुपालन मंत्री का स्वागत किया। मौके पर उपस्थित उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि 54 एकड़ क्षेत्र में गौवंश अभ्यारण्य का निर्माण किया गया है। वर्तमान में पाँच हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को यहाँ आश्रय दिया जा रहा है। गौशाला में स्वस्थ और कम आयु की गायों को पृथक रखकर सार्टेड सीमेन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। इससे साहीवाल और अन्य देशी नस्ल की गायों का विकास किया जा रहा है।

इस अवसर पर राम सिंह, स्वसहायता समूह के संचालक आशीष शुक्ला, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अरूणेन्द्र शुक्ला, डॉ अनुज प्रताप सिंह, उप संचालक उमरिया डॉ केके पाण्डेय, डॉ व्हीव्ही सिंह, डॉ निशा पटेल, डॉ निधि वर्मा तथा गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।